**स्पाइसेस बोर्ड**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार**
**सुगंध भवन, पालारिवट्टम**
**कोच्ची-25, केरल**

**सं. : विपणन-म.पा./सामान्य/0001/2021** **13 सितंबर, 2021**

**गुंटूर, आंध्र प्रदेश के मसाला पार्क में स्थापित सुविधाओं के संचालन हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति(ईओआई) आमंत्रित की जाती है**

स्पाइसेस बोर्ड, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, कोच्ची ने आंध्रप्रदेश के गुंटूर जिले में मिर्च के मूल्य संवर्द्धन केलिए सभी बुनियादी अवसंरचनाओं और प्रसंस्करण सुविधाओं वाले एक मसाला पार्क की स्थापना की है। मसाला पार्क में उपलब्ध प्रसंस्करण सुविधाओं का ब्यौरा **अनुलग्नक-1** में दिया गया है।

अब बोर्ड, पट्टे आधार पर, मसाला पार्क में स्थापित सुविधाओं के संचालन केलिए मसालों / कृषि उत्पादों / खाद्य व खाद्य सामग्रियों आदि के निर्यात व घरेलू व्यापार से जुड़े इच्छुक तथा तकनीकी रूप से सक्षम व आर्थिक रूप से सुस्थित पार्टियों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है । पूरी की पूरी सुविधाएं इच्छुक और तकनीकी रूप से सक्षम और वित्तीय रूप से सुस्थित फर्मों/कंपनियों को पट्टे पर दी जाएंगी। सभी सुविधाएं 'जैसे है जहां है' की स्थिति में पट्टे पर दी जाएगी । अतः पट्टेदार को संचालन शुरू करने से पूर्व उपकरण की सफाई/मरम्मत, आवश्यक संशोधन, यदि कोई हो, करना होगा। संयंत्र भवन के साथ उपलब्ध भूमि का उपयोग पट्टेदार द्वारा मसालों के प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन और मसाला प्रसंस्करण के अन्य संबंधित प्रक्रिया की सहायक सुविधाएं विकसित करने के उद्देश्य से किया जा सकता है। ऐसे मामलों में लीज अवधि के दौरान उपलब्ध भूमि के उपयोग के लिए निबंधन एवं शर्तों पर चर्चा की जाएगी और बोली पूर्व बैठक में इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। पट्टे की अवधि सामान्य रूप से **दस** वर्ष की अवधि के लिए होगी। हालांकि लंबी लीज पर भी विचार किया जाएगा, यदि उचित समझा जाए तो।

इसमें रुचि रखनेवाले ईओआई प्रस्तुत करने / बोली लगाने की प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व उपलब्ध सुविधाओं की जांच के लिए अपने ही खर्च पर गुंटूर के मसाला पार्क का दौरा कर सकते हैं।

गुन्टूर के मसाला पार्क का संपर्क-पता नीचे दिया गया है:

**श्रीमती सुंकरा पद्मजा**
**प्रभारी अधिकारी**
**मसाला पार्क,**
**वंकायलप्पाडु विल्लेज**
**एडलप्पाडु मंडल,**
**आंध्र प्रदेश, पिन - 522004**
**दूरभाष: 9440790936**
**इ-मेइल: sbroddm@gmail.com**

अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) निर्धारित फार्मेट (अनुलग्नक-2) में 04-10-2021 को सायं 5.00 बजे या उससे पूर्व "मसाला पार्क, गुंटूर के संचालन केलिए ई ओ आई" ऊपर लिखकर निम्न पते पर प्रस्तुत की जानी चाहिए :

**निदेशक (विपणन),**
**स्पाइसेस बोर्ड, सुगंध भवन,**
**एन.एच.-बाईपास, पालारिवट्टम पी.ओ.,**
**कोच्ची - 682025.**
**टेली.: 0484-2333607**
**इ-मेइल: dm.sb-ker@gov.in**

प्राप्त ईओआई 05-10-.2021 को सुबह 11.30 खोली जाएगी और उसकी जांच की जाएगी और निबंधन व शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए एक पूर्व-बोली बैठक निर्धारित की जाएगी। पात्र फ़र्मों को पूर्व-बोली बैठक केलिए आमंत्रित किया जाएगा। पूर्व बोली बैठक की तिथि, समय और स्थान पात्र आवेदकों को सूचित किया जाएगा। बोर्ड द्वारा प्रस्तावित निबंधन व शर्तों का मसौदा पूर्व-बोली बैठक के पहले ही परिचालित किया जाएगा और पट्टे केलिए निबंधन व शर्तों को अंतिम रूप देने पर चर्चा बोर्ड द्वारा परिचालित मसौदे के आधार पर होगी।

**निदेशक(विपणन)**

**अनुलग्नक -I**

## मसाला पार्क, गुंटूर में स्थापित मिर्च प्रसंस्करण प्रणाली का विवरण

| Sl NO | Description | Capacity | No |
|---|---|---|---|
| 1 | CHILLY FEEDING SYSTEM | 1 TPH | 1 |
| 2 | PRE-CLEANING MACHINE | 1 TPH | 1 |
| 3 | PNEUMATIC VIBRO - FEEDER | 500 kg/hr | 1 |
| 4 | HAMMER MILL NO.1 | 500 kg/hr | 1 |
| 5 | HAMMER MILL NO.2 | 500 Kg/hr | 1 |
| 6 | COOLING MACHINE FOR CHILLI POWDER | | 1 |
| 7 | DUST COLLECTION SYSTEM | | 1 |
| 8 | POWDER SIFTER | 500 Kg/hr | 1 |
| 9 | RECYCLING CONVEYOR | | 1 |
| 10 | BLENDER | 500 Kg/hr | 1 |
| 11 | MATERIAL COLLECTION SILO | 2 TPH | 1 |
| 12 | CLEANING MACHINE | | 1 |
| 13 | GRAVITY FEED METAL DETECTOR | | 1 |
| 14 | BULK PACKING MACHINE | 200 bags/hr | 1 |
| 15 | BULK PACKING MACHINE | 200 bags/hr | 1 |
| 16 | VERTICAL FORM FILL SEALING MACHINE | 50 Packs/Minute | 1 |
| 17 | PNEUMATIC AIR COMPRESSOR | | 1 |
| 18 | ELECTRICAL PANEL BOARD | | |
| 19 | ELECTRICAL CABLES | | |

III. पार्क में उपलब्ध अन्य सामान्य सुविधाओं में प्रशासनिक भवन के लिए स्थान, कैंटीन सुविधा, प्रशिक्षण हॉल, बैंकिंग सुविधा के लिए स्थान, ईटीपी सिस्टम आदि शामिल हैं।(कार्यालय मकान के पहली मंज़िल में प्रस्तावित प्रशिक्षण केंद्र केलिए जगह छोडकर)

IV. आवश्यकता पड़ने पर, बोर्ड चयनित बोलीदाता को अपने खर्च पर पार्क के भीतर उपलब्ध स्थान में अस्थायी संरचना/भवन का निर्माण करके अतिरिक्त प्रसंस्करण/संबंधित सुविधा, यदि कोई हो, स्थापित करने की अनुमति देगा।

V. बोर्ड ने भाप विसंक्रमण इकाई स्थापित करने के लिए कार्रवाई शुरू की। यदि चयनित ऑपरेटर सिस्टम में रुचि रखता है, तो इसे लागत साझा करने के आधार पर स्थापित किया जा सकता है।

**अनुलग्नक -2**

**मसाला पार्क, छिंदवाड़ा की सुविधाओं के संचालन हेतु ईओआई के लिए आवेदन**

| क्रम सं. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | कंपनी/फर्म का नाम व पता | |
| 2 | प्रकृति / कानूनी स्थिति (प्रति संलग्न करें) | |
| 3 | क्या स्पाइसेस बोर्ड के साथ पंजीकृत है? यदि है, तो पंजीकरण संख्या | |
| 4 | डाक पता, फोन/मोबाइल नंबर, इ-मेइल सहित फोन नंबर के साथ संपर्क- व्यक्ति का नाम | |
| 5 | आवेदक/फर्म का पैन(PAN) | |
| 6 | जी एस टी पंजीकरण संबंधी विवरण(प्रति संलग्न करें) | |
| 7 | वर्तमान व्यावसायिक गतिविधियों का विवरण और संबंधित वस्तुओं के प्रकार | |
| 8 | मसाला प्रसंस्करण इकाइयों को चलाने और उसके अनुरक्षण में पिछले अनुभवों का विवरण (समर्थक दस्तावेज़ संलग्न करें) | |
| 9 | यदि आपके पास पहले से ही मसाला प्रसंस्करण सुविधा है (कृपया विवरण प्रस्तुत करें) | |
| 10 | वार्षिक टर्न-ओवर<br><br>क) घरेलू<br><br>ख) निर्यात<br>(समर्थक दस्तावेज़ संलग्न करें) | |
| 11 | अन्य संगत सूचना, यदि कोई है तो,<br><br>(समर्थक दस्तावेज़ संलग्न करें) | |

(आवेदक का हस्ताक्षर)

कंपनी की मोहर

स्थान:

दिनांक :